# कार्यालय नगरपालिक निगम,जगदलपुर जिला :– बस्तर (छ.ग.)

## मैनुअल पद्धति निविदा सूचना

क्र./4456/न.पा.नि./लो0नि0वि0/2020–21 जगदलपुर दिनांकः 23/02/2021

नगरपालिक निगम जगदलपुर द्वारा अनुभवी सप्लाई एजेंसी या निर्माता फर्म से आयटम दर पर निम्नांकित कार्यों का निविदा आमंत्रित हैः–

| स. क्र. | Online T.No. | कार्य का विवरण | अनु. लागत | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | Operation and Maintenance of Aquatic Weed Harvester Machine for 1 years (Operation :- Supplying of 1 skill operator 1 nos. helper and 1 Night watchman. Maintenance :- Overall Maintenance of Machine by servicing and repairing with the required mechanical of hydraulic parts during servicing monthly such as conveyor, Oil filters, Oaring , Hydraulic oil , Engine oil, Gear Oil and grease. The Painting of Machine with Epoxy Paint should be done before applying zinc Silicate primer to the machine yearly. | 16.10 लाख | 20000.00 |

निविदा प्रपत्र निगम के वेबसाईट से डाऊनलोड कर रजि.डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा करने की अंतिम तिथिः– दिनांक 15/3/21 को सायं 5.30 बजे तक

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा प्रपत्र **“B”** व अन्य जानकारी निगम के विभागीय वेबसाइट **www.nagarnigamjagdalpur.in** एवं **http://uad.cg.gov.in** तथा **Potal (https://eproc.cgstate.gov.in/offline Tender )**से डाउनलोड कर अवलोकन उपरांत दिये गये निर्देशानुसार निविदा में भाग लिया जा सकता है ।

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम, जगदलपुर

**"नगरपालिक निगम के करों का भुगतान समय पर कर नगर विकास में सहयोग करें"**

पृ0क्र./4459/न.पा.नि./लो0नि0वि0/2020–21 जगदलपुर दिनांक 23/02/2021

प्रतिलिपिः–

1. मान0 महापौर, नगरपालिक निगम, जगदलपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
2. मान0 अध्यक्ष (स्पीकर), नगरपालिक निगम, जगदलपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
3. मान0 सभापति, आवास पर्यावरण एवं लोक निर्माण विभाग समिति, नगरपालिक निगम, जगदलपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
4. नेता प्रतिपक्ष, नगरपालिक निगम, जगदलपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
5. प्रोग्रामर डाटा सेंटर, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास छ.ग., नया रायपुर की ओर संचालनालय के वेबसाईट में अपलोड कर हेतु अग्रेषित ।
6. प्रोग्रामर, डाटा सेंटर, नगरपालिक निगम, जगदलपुर की ओर विभागीय वेबसाईट में अपलोड करने हेतु अग्रेषित ।
7. श्री सुमित महापात्र, जनसंपर्क, नगरपालिक निगम जगदलपुर की ओर शासन के निर्देशानुसार समाचार पत्र में प्रकाशित किये जाने हेतु तीन–तीन प्रतियों में प्रेषित है। समाचार पत्र में प्रकाशन उपरांत प्रकाशित समाचार पत्र की दो–दो प्रति कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे।
8. सम्पादक ............ ...................... दैनिक समाचार पत्र रायपुर/जगदलपुर। कृपया आपके समाचार पत्र में दिनांक ................ .......... के अंक में एक बार साईज 02 कॉलम X 08 सें.मी. या इससे कम साईज में प्रकाशित कर इस आदेश क छायाप्रति सहित प्रकाशित समाचार पत्र की 3 प्रतियों सहित देयक भुगतान हेतु प्रस्तुत करें।
9. सूचना फलकः– मुख्य कार्यालय/लोक निर्माण शाखा/जलप्रदाय शाखा कार्यालय नगर पालिक निगम जगदलपुर में चस्पा हेतु।

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम, जगदलपुर

## कार्यालय नगरपालिक निगम,जगदलपुर जिला :— बस्तर (छ.ग.)

## कार्य का विवरण एवं ऑफर दर हेतु विवरण

| S.No. | Particular | Period of O & M | प्रस्तुत निविदा दर (प्रतिमाह) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | अंको में | शब्दों में |
| 1. | Operation and Maintenance of Aquatic Weed Harvester Machine for 1 year (Operation :- Supplying of 1 skill operator 1 nos. helper and 1 Night watchman.<br>Maintenance :- Overall Maintenance of Machine by servicing and repairing with the required mechanical of hydraulic parts during servicing monthly such as conveyor, Oil filters, Oaring , Hydraulic oil , Engine oil, Gear Oil and grease. The Painting of Machine with Epoxy Paint should be done before applying zing Silicate primer to the machine yearly. | 12 working month | | |
| Total :- | | | | |

निविदादाता के हस्ताक्षर/पदमुद्रा

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम, जगदलपुर

# कार्यालय नगर पालिक निगम, जगदलपुर, जिला बस्तर, (छ0ग0)

निविदा सूचना कमांक/4458 /नपानि/लोनिवि/2020–21, जगदलपुर दिनांक 23/2/21 का विस्तृत विवरण, नियम

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा की अंतिम तिथि | दिनांक 15/3/21 को सांय 5.00 बजे तक |
| 2 | निविदा प्रपत्र स्पीड/रजिस्ट्रर्ड डाक द्वारा जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 15/3/21 को अपरान्ह 0530 बजे तक |
| 3 | प्राप्त निविदाएं को खोलने की तिथि | दिनांक 16/3/21 को अपरान्ह 11.30 बजे तक |

कार्य का विवरण निम्नानुसार है:–

| स.क्र. | Offline T.No. | कार्य का विवरण | अनु. लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | **Operation and Maintenance of Aquatic Weed Harvester Machine for 1 years (Operation :- Supplying of 1 skill operator 1 nos. helper and 1 Night watchman. Maintenance :- Overall Maintenance of Machine by servicing and repairing with the required mechanical of hydraulic parts during servicing monthly such as conveyor, Oil filters, Oaring , Hydraulic oil , Engine oil, Gear Oil and grease. The Painting of Machine with Epoxy Paint should be done before applying zing Silicate primer to the machine yearly.** | 16.10 लाख | 20000.00 | 750.00 | 12 माह |

## नियम/शर्तें

1. निविदा में भाग लेने के लिए नियम/शर्तें का पूर्ण अवलोकन कर निविदा में सम्मिलित होवें । किसी प्रकार जानकारी हेतु नगर निगम के लोक निर्माण शाखा में निम्नांकित कार्यपालन अभियंता –मो. नं. 9285006102, या लिपिक– 9285006118 या सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है ।
2. निविदादाता को एक्वेटिक वीड हार्वेस्टर मशीन का निर्माता या सप्लाई एजेंसी होने का प्रमाणित कार्यादेश सहित प्रमाण–पत्र निविदा प्रपत्र में संलग्न करना अनिवार्य होगा, अन्यथा की स्थिति में निविदा पर विचार नहीं की जावेगी।
3. Aquatic Weed Harvester Machine के संचालन एवं संधारण हेतु निविदा 01 वर्ष का आमंत्रित है । 01 वर्ष तक सुचारू संचालन एवं संधारण कुशलतापूर्वक करने की स्थिति में निविदा की अवधि 01–01 वर्ष तक अवधि के लिए निविदा दर में 5 प्रतिशत प्रतिवर्ष की वृद्धि करते हुए आगामी 2 वर्ष तक वृद्धि की जा सकती है ।
4. उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी निगम के विभागीय वेबसाइट www.nagarnigamjagdalpur.in एवं **http://uad.cg.gov.in** तथा **Potal (https://eproc.cgstate.gov.in/offline Tender)** से डाउनलोड कर अवलोकन उपरांत दिये गये निर्देशानुसार निविदा में भाग लिया जा सकता है ।
5. निविदा प्रपत्र में ठेकेदार को स्वयं ही प्रत्येक कार्य के निविदा हेतु निर्धारित स्थानों पर स्वयं का नाम, पंजीयन की श्रेणी, पंजीयन कमांक/दिनांक, कार्य का नाम, लागत, अमानत राशि, निर्धारित समयावधि एवं निविदा प्रपत्र शुल्क एवं इस का बैंक ड्राप्ट कमाक दिनांक अंकित करना होगा ।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय पर ठेकेदार या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि अधिकार पत्र के साथ उपस्थित नहीं होने की स्थिति में निगम द्वारा निविदा खोली जावेगी, जिस पर किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं किया जावेगा ।
7. निविदादाता को रू. 100.00 के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर में संलग्न प्रारूप में नोटराईज शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं किया जावेगा ।
8. न्यूनतम दरदाता को स्वीकृति उपरांत 100.00 के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर प्रस्तुत करने पर अनुबंध उपरांत कार्यादेश जारी किया जावेगा ।
9. नियम शर्तें का पूर्ण अवलोकन कर ही निविदा में सम्मिलित होवें । निविदा में सम्मलित होने पर सम्पूर्ण शर्तें मान्य समझा जावेगा।
10. प्रथम आमंत्रण निविदा में एकल निविदा प्राप्त होने पर नहीं खोला जाकर मूलतः वापस किया जावेगा ।
11. निविदा प्रपत्र शुल्क डिमांड ड्राप्ट एवं अमानत राशि एफ.डी.आर./टी.डी.आर. के रूप में जो राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी हो तथा आयुक्त नगरपालिक निगम जगदलपुर के पक्ष में देय हो स्वीकार किया जावेगा ।

12. निविदा प्रपत्र निगम से जारी नहीं किया जावेगा, निविदा प्रपत्र, नियम शर्तें नगरपालिक निगम जगदलपुर के वेबसाईट **www.nagarnigamjagdalpur.in** से निविदा जमा करने के अंतिम तिथि के पूर्व **Downlod** (डाउनलोड) कर , डाउनलोड निविदा प्रपत्र(प्रत्येक कार्य के लिए पृथक–पृथक), नियम शर्तें एवं प्रत्येक कार्य के लिये निर्धारित निविदा प्रपत्र शुल्क का डिमांड ड्राप्ट तथा निधारित अमानत राशि का एफ.डी.आर. जो आयुक्त नगरपालिक निगम जगदलपुर के पक्ष में देय हो जमा करना होगा । जिसकी मूल प्रति निविदा के साथ निर्धारित लिफाफा में जमा करना होगा ।
13. निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण नहीं करने की स्थिति में निविदा के शर्तें में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार कटौति/दण्ड/कार्यावाही की जावेगी जो ठेकेदार को मान्य होगा ।
14. साझेदारी फर्म हो तो उसका प्रमाण पत्र एवं पार्टनरशीप डीड की सत्यापित छायाप्रति जमा करना अविार्य होगा ।
15. निविदा प्रपत्र शुल्क की राशि का डी.डी. एवं अमानत राशि का मूल एफ.डी.आर./टी.डी.आर. जो आयुक्त नगरपालिक निगम के पक्ष में देय हो की मूल प्रति जमा करना अनिवार्य है ।
16. सशर्त निविदायें स्वीकार योग्य नहीं होगी ।
17. निविदा सूचना एवं नियम शर्तें, अनुबंध का एक भाग होगा ।
18. ठेकेदार को अपनी दरें शब्दों एवं अंकों में लिखना अनिवार्य होगा । काट–छांट अथवा ओव्हर राइटिंग की हुई निविदा अस्वीकार की जावेगी ।
19. प्लास्टिक अपशिष्ट का उपयोग रोड निर्माण के कार्य में किया जाना अनिवार्य है ।
20. निविदा सूचना में उल्लेखित तिथि को अवकाश होने की स्थिति में आगामी कार्यदिवस मानी जावेगी ।
21. धरोहर (अमानत) राशि **FDR/TDR** में जमा करना अनिवार्य होगा जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी हो तथा आयुक्त, नगरपालिक निगम, जगदलपुर के पक्ष में देय हो।
22. चेक लिस्ट में उल्लेखित समस्त दस्तावेज रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से निर्धारित तिथि तक, कार्यालय नगरपालिक निगम, शांति नगर वार्ड, बस स्टैण्ड रोड, जगदलपुर में प्राप्त होना अनिवार्य है।
23. निविदादाता को जी.एस.टी. पंजीयन एवं पेन कार्ड होना अनिवार्य है।
24. एक्वेटिक वीड हार्वेस्टर मशीन का संचालन का कार्य प्रतिदिन 8 घण्टे तथा सप्ताह में 6 दिन एवं महीनें में 26 दिन कार्य करना अनिवार्य होगा, अन्यथा राशि देयक से कटौती की जावेगी।
25. एक्वेटिक वीड हार्वेस्टर मशीन का ऑपरेटर कुशल एवं ऑपरेटिंग कार्य में दक्ष होना अनिवार्य है।
26. निविदा में ऑपरेटर, हेल्पर एवं चौकीदार हेतु निर्धारित वेतन में नियोक्ता अंश की ई0पी0एफ0 राशि जोड़ी गई है जो पृथक से देय नहीं होगी एवं निविदादाता द्वारा नियोक्ता अंश की राशि एवं कर्मचारी अंश के ई0पी0एफ0 राशि प्रतिमाह जमा करना अनिवार्य होगा।
27. मशीन संचालन ऑपरेटर एवं हेल्पर का पंजीयन कार्यादेश के 15 दिवस के अंदर श्रम विभाग से पंजीयन कराई जाकर ई0आई0एस0 भी पंजीयन करवाना अनिवार्य होगा।
28. ऑपरेटर, हेल्पर एवं चौकीदार का बीमा निविदादाता को स्वयं कराना अनिवार्य होगा।
29. कार्य के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना/घटना होने की स्थिति में ऑपरेटर, हेल्पर एवं चौकीदार का मुआवजा/क्षतिपूर्ति निविदादाता द्वारा देय होगा।
30. ऑपरेटर, हेल्पर एवं चौकीदार की अवकाश अवधि में इनके बदले मानवबल निविदादाता को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
31. ऑपरेटर, हेल्पर एवं चौकीदार का पारिश्रमिक कलेक्टर, जिला–बस्तर द्वारा निर्धारित दर से कम भुगतान किये जाने की स्थिति में सम्पूर्ण जवाबदारी निविदादाता की होगी, जिसमें निगम निविदादाता की राशि कटौती कर संबंधित को भुगतान किये जाने के लिए आयुक्त, नगरपालिक निगम, जगदलपुर सक्षम होगा।
32. एक्वेटिक वीड हार्वेस्टर मशीन हेतु मात्र डीजल ही नगर निगम के वाहन शाखा से देय होगा, जिसे लॉगबुक में दर्ज कर प्रतिदिन प्रभारी से सत्यापन कराया जाना अनिवार्य होगा। प्रतिमाह प्रदाय की गई डीजल अनुसार कार्य नहीं होने की स्थिति में शेष डीजल की राशि देयक से कटौती योग्य होगी।
33. ऑपरेशन मेंटनेंस की अवधि में मशीन की तालाब की सफाई का कार्य स्वास्थ्य विभाग एवं वाहन शाखा से समन्वय स्थापित कर उनके निर्देशानुसार करवाना अनिवार्य होगा।
34. एक्वेटिक वीड हार्वेस्टर मशीन के संचालन हेतु समय–समय पर हाईड्रोलिक ऑयल, इंजन ऑयल, ग्रीस इत्यादि पर होने वाले व्यय की राशि निविदा राशि में सम्मिलित है। इस हेतु इसका किसी भी प्रकार का भुगतान या सामग्री नगर निगम द्वारा प्रदाय

नहीं की जावेगी। इस कार्य के अभाव में मशीन बंद रहने की स्थिति में देयक से गुण एवं दोष के आधार पर राशि कटौती की जावेगी।

35. एक्वेटिक वीड हार्वेस्टर मशीन का रिपेयर मेंटनेंस में प्रयुक्त होने वाले समस्त मैकेनिकल एवं हाईड्रोलिक स्पेयर्स पार्ट्स साथ ही कन्वयेर रिपेयरिंग पर होने व्यय की राशि निविदा राशि में सम्मिलित है। इस हेतु पृथक से आपको अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जावेगा। मरम्मत के दौरान हटाये गये पुराने स्पेयर्स पार्ट्स को नगर निगम कार्यालय में 24 घण्टे के अंदर में वाहन शाखा में जमा कर लॉगबुक में प्रविष्ट कर पावती लेना अनिवार्य होगा।
36. लॉगबुक की व्यवस्था निविदादाता को करना होगा। लॉगबुक की व्यवस्था कर सत्यापन करवाना अनिवार्य होगा। तत्पश्चात् ही लॉगबुक में प्रविष्टि किया जाना होगा।
37. सर्विसिंग से पूर्व निगम कार्यालय को सूचित कर एक्वेटिक वीड हार्वेस्टर मशीन की सर्विसिंग प्रतिमाह निर्धारित समयावधि में करवाना अनिवार्य होगा, इसकी प्रविष्टि लॉगबुक में प्रविष्टि कर सत्यापित करवाना अनिवार्य होगा।
38. एक्वेटिक वीड हार्वेस्टर मशीन का पेटिंग कार्य प्रतिवर्ष **Epoxy painting zinc silicate primer** के साथ निगम के वाहन प्रभारी के उपस्थिति में करवाना अनिवार्य होगा, जिसकी राशि निविदा में सम्मिलित है एवं पृथक से इसका किसी प्रकार का भुगतान नहीं किया जायेगा।
39. भारी वर्षा के दिनों को छोड़कर पूरे वर्ष भर करना अनिवार्य होगा।
40. ऑपरेशन मेंटनेंस का भुगतान 03 माह के सफल संचालन के पश्चात् ही देय होगा अर्थात् प्रत्येक 03 माह उपरान्त ही निविदादाता को भुगतान किया जायेगा, किन्तु निविदादाता को आपरेटर, हेल्पर एवं चौकिदार को प्रतिमाह 07 तारिख तक पारिश्रमिक का भुगतान बैंक के माध्यम से कर नियोक्ता अंशदान एवं कर्मचारी अंशदान की ई.पी.एफ. की राशि निर्धारित दर पर ई.पी.एफ. पंजीयन कर जमा करवाना अनिवार्य होगा । तथा इसकी एक प्रति देयक के साथ जमा करना होगा ।
41. कार्यावधि में कार्यरत ऑपरेटर, हेल्पर एवं चौकीदार द्वारा नशे का सेवन करने की स्थिति में कार्यरत कर्मचारियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए सेवा समाप्ति कर दी जायेगी, जिसकी प्रतिनियुक्ति निविदादाता को तत्काल करना अनिवार्य होगा।
42. कार्य की अवधि 18 माह की होगी एवं कार्य संतोषप्रद करने की स्थिति में कार्य की कार्यावधि की अतिरिक्त स्वीकृति करने के अधिकार के लिए नगर निगम सक्षम होगा।
43. प्रत्येक देयक से सुरक्षा निधि 5 प्रतिशत की राशि कटौती की जायेगी, जिसका भुगतान ऑपरेशन मेंटनेंस अवधि के पूर्ण होने के उपरान्त अमानत राशि के साथ निविदादाता को देय होगा।
44. शासन के निर्देशानुसार आयकर, जी0एस0टी0, श्रमिक उपकर आदि की राशि शासन द्वारा निर्धारित देयक से कटौती होगी।
45. निविदा हेतु निर्धारित तिथि को शासकीय अवकाश होने की स्थिति में आगामी कार्यदिवस को मान्य किया जावेगा ।

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम, जगदलपुर

निविदादाता के नाम एवं हस्ताक्षर

.................................................

.................................................

## निविदा हेतु अमानत राशि एवं एवं प्रपत्र जमा करने हेतु लिफाफा का प्रारूप

**लिफाफा ''अ'' –** निविदा की नियम व शर्तें की एक–एक हस्ताक्षरित प्रति, निविदा प्रपत्र शुल्क का मूल डिमांड ड्राफ्ट की प्रतिं, अमानत राशि का मूल एफडीआर जो आयुक्त नगरपालिक निगम जगदलपुर के पक्ष में देय, निविदा शर्तें में उल्लेखित प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति एवं रू. 100.00 के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर में संलग्न प्रारूप में नोटराईज शपथ पत्र प्रस्तुत आदि

<u>लिफाफा ''अ''</u>

कार्य का नाम :–..........................................................................................................

अमानत राशि रू. ..............................

एफ.डी.आर नं. .................................................... दिनांक ...........................

---

**लिफाफा ''ब'' –** ऑफर दर की मूल प्रति जो ठेकेदार का हस्ताक्षर युक्त

<u>लिफाफा ''ब''</u>

<u>निविदा प्रपत्र –ए की मूल प्रति</u>

कार्य का नाम :–..........................................................................................................

लिफाफा ''स'' – में सीलबंद लिफाफा ''अ ''एवं लिफाफा ''ब'' रखकर सीलबंद कर स्पीड पोस्ट/रजि.डाक के माध्यम से निर्धारित समयावधि में प्राप्त होना अनिवार्य है

रजिस्ट्रर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से
लिफाफा ''स''

निविदा सूचना कमांक .................दिनांक.......................... कार्य कमांक ..........
जमा करने की अंतिम तिथि ........................

कार्य का नाम :–.............................................................................................
अमानत राशि रू. .............................
एफ.डी.आर नं. .................................................... दिनांक ............................
निविदा प्रपत्र शुल्क राशि रू. ..............................
डी.डी. नं. .................................................... दिनांक ............................

प्रति,
आयुक्त
नगरपालिक निगम,
रेल्वे स्टेशन रोड, शांती नगर वार्ड क. 25
जगदलपुर (छ0ग0) पिन 494001

प्रेषकः–
..................................................................
..................................................................
..................................................................